# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मंदसौर
# प्रधान कार्यालय मंदसौर

कमांक /विपणन/2024–25/4607 मंदसौर, दिनांक 17.02.2025

**–: समर्थन मूल्य उपार्जन हेतु विभिन्न सामग्री की निविदा आमंत्रण सुचना : –**

जिला मंदसौर एवं नीमच से सम्बद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के उपार्जन वर्ष 2025–26 में समर्थन मूल्य के उपार्जन केन्द्रों पर लगने वाली निम्नानुसार सामग्री के विकय हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म/विकेता से सील बंद लिफाफे में निविदाऐं 25.02.2025 को दोपहर 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

**सामग्री का विवरण**

धागा गट्टा, रंग/स्याही जुट एवं पीपी बारदान हेतु, प्लास्टिक टेंग फोम, सिलाई मशीन, इलेक्ट्रानिक तोल कांटा,, डिजिटल मोइश्चर मीटर, परखी, इनेमल प्लेट, छन्ना, ब्लोअर, उडावनी पखा, स्टेन्सिल, तिरपाल, टेन्ट, दरी।

, विस्तृत जानकारी एवं शर्ते बैंक मुख्यालय इन्दिरा सहकारी कॉम्प्लेक्स संजीत रोड मंदसौर या बैंक की वेबसाईट **https//www.dccbmandsaur.in** पर देखी जा सकती है । निविदा प्रपत्र बैंक प्रधान कार्यालय मंदसौर से रू 500/– चालान जमा कर प्राप्त कर सकते है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मंदसौर

Scanned with OKEN Scanner

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मंदसौर

## पालनीय शर्ते

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मंदसौर की जिला मंदसौर एवं नीमच की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के वर्ष 2025–26 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ चना, सरसों एवं मसूर के उपार्जन केन्द्रों पर लगने वाली निम्न सामग्री के कय हेतु निविदा आमंत्रित करती है।

| कमांक | समग्री का नाम | समग्री की किस्म का विवरण |
|---|---|---|
| A | **उपार्जन कार्य हेतु सामग्री** | |
| 1 | धागा प्लाई 840 डेनियल पॉलिप्रोपेलिन | धागा मजबूत हो और उसकी लम्बाई 2000 मीटर और वजन 220 ग्राम होना चाहिए (**बाबिन छोडकर धागे का वजन कम से कम 180 ग्राम हो** । यदि कोई ब्राण्ड है तो नाम देवे और यदि कोई नमूना है तो निविदा के समय लाये ताकि मजबूती चेक की जा सके । |
| 2 | रंग /स्याही<br>जुट बारदान स्टेनसिल हेतु कलर<br>प्रति 5 लीटर<br>प्रति 10 लीटर<br>सुखा कलर प्रति किलो | स्थाई रूप से टिकाउ हो और स्टेन्सिल पर काम करती हो |
| 3 | पीपी बारदान की स्टेनसिल हेतु कलर प्रति लीटर | स्थाई रूप से टिकाउ हो और स्टेन्सिल पर काम करती हो |
| 4 | बोरे पर लगने वाले प्लास्टिक टेग (3X4 इंच) युफोम शीट एफ.ए.क्यू. | टेग मशीन सिलाई से करते समय कटना नही चाहिए और प्रिन्ट भी स्थाई हो। |
| 5 | सिलाई मशीन डबल सिलाई वाली (रेवो) | गेहूँ,चना,मसूर,सरसो के जूट/प्लास्टिक के बारदानो पर डबल सिलाई लगाने वाली सिलाई मशीन आईएसआई मार्क हो तथा कमांक 1 पर बताये धागे से सिलाई की जा सके मशीन धागा नही काटती हो |
| B | **तकनीकी सामग्री** | |
| 1 | जुट बारदान की डिजीटल स्टेन्सिल (18X18 इंच) प्रति नग दर | |
| 2 | पीपी बारदान की डिजीटल गोल स्टेन्सिल प्रति नग दर | |
| 3 | तिरपाल (20X30फीट) जीसीएम 170<br>तिरपाल (50X50 फीट) जीसीएम 170<br>तिरपाल (100X100 फीट) जीसीएम 170 | |
| 4 | इलेक्ट्रानिक तोल कांटा साईज 24X24 (100 किलो ग्राम) काटे पर चेकर प्लेट (40X40 सेमी)साईज की हो। और नापतौल से प्रमाणित हो आईएसओ/आईएसआई मार्क हो | इलेक्ट्रानिक तोल कांटा (आईएसआई) का हो और काटे पर चेकर प्लेट (40x40 से मी ) साईज की हो। और नापतौल से प्रमाणित हो जिसके प्रमाण पत्र सप्लाई के समय देना होगा । |
| 5 | पीतल की सील | |
| 6 | डिजिटल मोइश्चर मीटर | गेहूँ,चना,मसूर,सरसो में नमी मापने हेतु डिजिटल मोइश्चर मीटर आई एस आई (100 से 250 ग्राम क्षमता)आईएसआई मार्क वाला |
| 7 | परखी 12 इंच लम्बी | 12 इंच लम्बी लकडी के हत्ते वाली, कम से कम 25 से 30 ग्राम अनाज एक बार में निकाला जा सके। |
| 8 | इनेमल प्लेट सफेद कलर की जो अनाज के ग्रेडिग हेतु उपयोग आती है 12 इंच व्यास की | सफेद कलर की इनेमल प्लेट जो अनाज के ग्रेडिग हेतु उपयोग आती है 12 इंच व्यास की |

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| 9 | छन्ना (गेहूँ चना मसूर सरसो छानने हेतु) लोहे के छनने साईज 4X6 फिट लम्बा हो | गेहूँ चना मसूर सरसो छानने हेतु लोहे के छन्ने की साई 4 फिट चोडे और 6 फिट लम्बी हो |
| 10 | थ्रेशर मशीन में लगने वाला ब्लोअर पंखा | 2500 से 2800 आरपीएम से कम न हो एवं जो गेहू का भुसा एवं चने के डंठल उडाने में पर्याप्त हवा का फ्लो करता हों। |
| 11 | उडावनी पंखा गेहूँ,चना,मसूर सरसो से भूसी/डंठल को उडाने हेतु उडावनी पखा | 18 इंच व्यास का जो 4 फिट के स्टेण्ड पर लगा हो |
| 15 | टेन्ट टेन्ट (15X15 फीट) मय पाईप सभी प्रकार के | टेन्ट (15X15 फीट) मय पाईप सभी प्रकार के |
| 16 | दरी<br>(15X15 फीट)<br>(15 X 10 फीट)<br>कॉटन की दरी | दरी 15 **X** 15 फीट व 15**X**10 फीट काटन की दरी |

उक्त सामग्री के कय हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म /विक्रेताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा निम्नानुसार शर्तो पर आमंत्रित की जाती है।

- **निविदा फार्म जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मंदसौर प्रधान कार्यालय इन्दिरा सहकारी काम्प्लेक्स संजीत रोड मंदसौर पर कार्यालयीन समय दिनांक 25.02.2025 को दोपहर 3.00 बजे तक रूपये 500/— शुल्क राशि जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**
- निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 25.02.2025 समय शाम 3.00 बजे तक रहेगी। प्राप्त निविदाऐं दिनांक 25.02.2025 को दोपहर 4.00 बजे उपार्जन समिति के समक्ष खोली जावेगी। अपरिहार्य कारणों से यदि निर्धारित दिनांक को निविदा नहीं खोली जा सकी को बाद में खोली जावेगी।
- सर्वप्रथम टेकनिकल बीड का लिफाफा खोला जावेगा। निविदा की शर्तो का पूर्ण पालन होने पर ही संबंधित संस्थान का फाईनेन्सियाल बीड लिफाफा खोला जावेगा। शर्तो को पालन नहीं होने पर संबंधित का टेण्डर निरस्त का अधिकार कमेटी के पास सुरक्षित होगा।
- निविदा के समय अर्नेस्ट मनी डीडी राशि रु 50,000/— (पचास हजार रूपये) का डिमाण्ड ड्राफ्ट अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में जारी हो प्रस्तुत करना होगा, जिसे संतोष पूर्ण कार्य होने के पश्चात अथवा निविदा स्वीकृत नही होने की स्थिति में ही वापस किया जावेगा।
- निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार जिला उपार्जन समिति का रहेगा।
- निविदाकार को समस्त दस्तावेज पर फर्म की सील एवं हस्ताक्षर कर जमा कराना होगा।
- निविदाकार द्वारा निविदा फार्म में डाली गई राशि स्पष्ट अंको में आवश्यक रूप से लिखना होगी। ओव्हर रायटिंग मान्य नहीं होगी।
- निविदाकार द्वारा निविदा फार्म टेक्नीकल बीड एवं फाईनेन्सियल बीड पृथक—पृथक मोहरबंद लिफाफे में तथा उक्त दोनों लिफाफे एक लिफाफे में मोहरबंद कर जमा कराना होगा।
- निविदाकार फर्म को सभी कॉलामों की पूर्ति करना अनिवार्य होगी।
- निविदाकार को फर्म का जीएसटी / पेन कार्ड सत्यापित प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना होगी।
- पूर्व में निविदा प्रस्तुत करने वाली संस्था को किसी प्रकार का इस कार्य हेतु अर्थदण्ड या ब्लेकलिस्टेड नहीं किया गया है इसका स्वघोषित प्रमाण—पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- उसी निविदाकर्ता का निविदा फार्म पात्र होगा जो उपार्जन सामग्री/तकनीकी सामग्री संबंधित रजिस्टर्ड होगा। यदि त्रुटी पूर्ण जानकारी दी जाकर निविदा स्वीकृत होती है तो निविदा निरस्त कर अर्नेस्ट मनी जप्त की जाकर वैधानिक कार्यवाही के लिये कमेटी स्वतंत्र होगी।
- सामग्री सीधे उपार्जन केन्द्रों को मौके पर उपार्जन समिति से आदेश प्राप्ति के पश्चात 48 घंटे में प्रदाय करनी होगी जिसकी सूची बैंक द्वारा प्रदाय की जावेगी।
- निविदा की दरों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा।

Scanned with OKEN Scanner

- धागा, तोल कांटा, सीलाई मशीन, डिजीटल माईश्चर मीटर, उडावनी पंखा, ब्लोअर उक्त समस्त सामग्री के लिये निविदा कर्ता के लिये सभी सामग्री उच्च क्वालिटी /**ISI** मार्क वाली होना अनिवार्य होगी।
- सामग्री की गुणवत्ता की जवाबदेही प्रदायकर्ता की होगी।
- समितियों की माग अनुसार निर्धारित समय पर सामग्री उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा यदि स्वीकृत प्रदाय कर्ता सामग्री प्रदाय करने में विफल होता है तो उसकी जमा प्रतिभूति सम्पर्ण /आंशिक जप्त कर ली जावेगी । तथा खुले बाजार से खरीदने पर अधिक भुगतान की राशि निविदाकार से वसूल की जावेगी। प्रदायकर्ता की सामग्री का बिल उपार्जन केन्द्रवार संबंधित समिति को प्रदाय करना होगा एवं बिल का भुगतान संबंधित उपार्जन समिति द्वारा ही किया जायेगा।
- फर्म का उक्त किस्म का व्यापार करने के समस्त दस्तावेज निविदा दिनांक को वैध होना चाहिये।
- निविदा के समय फर्म का टर्न ओव्हर न्यूनतम 10.00 लाख वार्षिक होना अनिवार्य होगा एवं विगत तीन वर्षों की आडिटेड बैलेन्स शीट स्व प्रमाणित प्रति भी प्रस्तुत करनी होगी। (तीन वर्षो में किसी एक वर्ष में 10.00 लाख टर्न ओव्हर अनिवार्य होगा।)
- निविदाकर्ता पंजीकृत सहकारी समिति है तो उसको प्राथमिकता दी जायेगी। प्राप्त निविदाओं में सफल निविदाकार फर्म से प्राप्त दरों में आवश्यकता होने पर निगोसिएशन की कार्यवाही भी की जा सकती है।
- निविदाकार फर्म का उपार्जन के दौरान सम्पर्क हेतु एक व्यक्ति मंदसौर/ नीमच जिले में हमेशा उपलब्ध रहना अनिवार्यतः होगा।
- संस्थायें दरें निर्धारित होने के पश्चात सामग्री की गुणवत्ता की दृष्टि से किसी भी फर्म से सामग्री कय किये जाने हेतु स्वतंत्र होगी परन्तु न्युनतम दर वाली फर्म को उक्त सामग्री संबंधित संस्थाओं को उपलब्ध करवाना बंधनकारी होगा अन्यथा की स्थिती में अर्नेस्ट–मनी की राशि जप्त की जाकर सम्बंधित संस्था की हुई हानि की प्रतिपूर्ति में समायोजित की जा सकेगी।
- कोई भी व्यक्ति समस्त/या एक वस्तु की निविदा भी प्रस्तुत कर सकता है ।
- निविदा में आवेदन किये जाने का अर्थ होगा कि आवेदक को उपरोक्त समस्त शर्ते मान्य है।
- किसी भी विवाद की स्थिति में जिला उपार्जन समिति के समक्ष पक्ष रखा जा सकता है। जिसका निर्णय मान्य किया जावेगा । यदि किसी विवाद का निराकरण नही होता है तो, न्याय क्षेत्र मंदसौर रहेगा।

Scanned with OKEN Scanner